भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2104 का उत्तर

रायपुर-सरनगढ़ रेल लाइन

2104. श्रीमती गोमती सायः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2011-12 में 310 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित रायपुर-सरनगढ़-झारसुगड़ा रेल लाइन के 33 स्टेशनों के नामों की घोषणा की गई थी;

(ख) यदि हां, तो उन स्टेशनों के नाम क्या हैं; और

(ग) इन स्टेशनों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): रायपुर - सरनगढ़-झारसुगुड़ा नई लाइन का कार्य अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त होने के अध्यधीन बजट 2013-14 में शामिल किया गया था। निशुल्क भूमि प्रदान करने और कार्य की 50% लागत वहन करने के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा की राज्य सरकारों से संपर्क किया गया था। चूंकि दोनों ही राज्य सरकारों से कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ था इसलिए इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

बहरहाल, राज्य संयुक्त उद्यम, छत्तीसगढ़ रेल निगम लिमिटेड (सीआरसीएल) द्वारा रायपुर-खरसिया नई लाइन परियोजना की व्यावहार्यता अध्ययन के लिए पहचान की गई है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता क्योंकि यह परियोजना स्वीकृत नहीं है।

*****